संक्षिप्त समाचार

दूल्हा बदल कर शादी की कोशिश: जयमाल में फोटो से खुली पोल, लड़की ने लौटाई बरात

भदोही , एजेंसी। भदोही के सुरियावां नगर के अशोक नगर में जौनपुर से आई बारात में दूल्हा बदल जाने से बारात को बैरंग वापस लौटना पड़ा। जयमाल रस्म के समय लड़की वालों को शक हुआ तो उन्होंने शादी से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौते के बाद बारात को बैरंग वापस लौट गई। नगर के अशोक नगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी जौनपुर के महराजगंज निवासी अमर बहादुर मौर्य के बेटे अभिषेक मौर्य से की थी। शादी के पहले हुई रस्मों में लड़का नहीं आया था। लड़की वालों के पास केवल उसकी फोटो थी।

बताया जा रहा है कि वधू पक्ष के लोगों के पूछने पर वर पक्ष के लोग लड़के के व्यस्त होने की बात कहकर टाल देते और बताते कि वह सीधे शादी में आएंगे। शुक्रवार को धूमधाम से बारात आई। दरवाजे पर जयमाल रस्म शुरू हुई।

लड़की पक्ष के लोगों को लगा कि दूल्हा दूसरा है। इस पर उन लोगों ने फोटो से मिलान किया तो उनका शक यकीन में बदल गया। लोगों ने तत्काल रस्म को रोक दी और मान मनौव्वल का दौर शुरू हो गया। काफी देर के बाद भी लड़की पक्ष के लोग शादी को तैयार नहीं हुए। वे शादी की तैयारियों में खर्च हुए पैसे वापस मांगने लगे और रातभर लड़के पक्ष के लोगों को बैठाया रखा। सुबह दोनों पक्षों में आपसी सुलह-समझौता होने के बाद बारात बैरंग वापस लौट गई। मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा।

घायल राबिया की भी हुई मौत, मृतकों की संख्या हुई 3, एक साथ सोया था परिवार

गोरखपुर , एजेंसी। गुलरिह इलाके के रघुनाथपुर गांव के भगवानपुर टोला में शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे घर के सामने सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे एक ही परिवार के सात लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया था। इस हादसे में शाईदा खातून (44) और उनकी बेटी सुबिया (16) की मौत हुई थी। घायल राबिया खातून (23) की भी सुबह इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। अब निहाल (05), जुबेर (17) और सुबराती (16) का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। साईदा खातून परिवार के सदस्यों के साथ घर के सामने चारपाई पर सो रही थीं। रात करीब 10.30 बजे भटहट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने चारपाई पर सो रहे लोगों को कुचल दिया।

सीएम योगी ने पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, कहा- सभ्य समाज में आतंकवाद की जगह नहीं

लखीमपुर खीरी , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति के तहत कड़ा जवाब देने को भारत तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज यहां तेजी से विकास हो रहा है। सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस जाति के नाम समाज को बांटने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी एक तरफ छत्रपति शिवाजी महाराज और राणा सांगा का अपमान करती है। दूसरी तरफ क्रूर शासक औरंगजेब और बाबर का महिमा मंडन करती है। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा से पहले पलिया में शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मोटरबोट पर सवार होकर बाढ़ से बचाव के लिए कराए जा रहे कार्यों को बारीकी से देखा।

भाई-बहन ने पान की दुकान चलाकर... तो कहीं दर्जी की बेटी ने बढ़ाया मान

लखनऊ , एजेंसी। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को करीब 54 लाख छात्रों की मेहनत का परिणाम जारी कर दिया है। यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों का इंतजार समाप्त हो चुका है। बोर्ड ने दोपहर 12:30 बजे 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। वहीं इंटरमीडिएट में 81.15 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए।

हौसला हो तो सफलता जरूर मिलती है। राजधानी लखनऊ के जीवन ज्योति एकेडमी सैनिक नगर में 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी अनुज व शिवानी ने इसे साबित कर दिखाया है। दोनों भाई-बहन हैं। पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, इसलिए कमाई का कोई साधन नहीं था। दोनों भाई-बहन ने पान की दुकान चलाकर पढ़ाई की। कठिन परिश्रम के साथ अनुज ने 83 प्रतिशत और शिवानी ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किया है। विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनकी फीस भी माफ कर दी गई थी।

कोरोना में पिता को खोया, संघर्ष से मिली सफलता: कोरोना काल में पिता की मृत्यु के बाद कड़े संघर्ष से गुजरे राजधानी के सचिन रावत ने 12वीं की परीक्षा 89.20 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। अब वह आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। सचिन ने बताया कि उनके पिता रजनीश रावत की इच्छा थी कि वह आईएएस अधिकारी बनें। इसलिए पिता की इच्छा पूरी करने के लिए संकल्प के साथ पढ़ाई कर रहे हैं। जिस समय कोरोना काल में उनके पिता का देहांत हुआ था, वह आठवीं कक्षा में थे। पिता की मृत्यु से पूरा परिवार टूट गया था। मां निशा देवी के कंधों पर परिवार का बोझ आ गया, लेकिन पढ़ाई के लिए संघर्ष जारी रहा।

सचिन की बहन अंजलि बीकॉम कर रही हैं। सचिन ने लखनऊ पब्लिक स्कूल, राजाजीपुरम से पढ़ाई की है। वहीं, मां निशा देवी ने बताया कि वह बच्चों की पढ़ाई पर बहुत ध्यान देती हैं। बेटा आईएएस की तैयारी करे, इसके लिए वह भी तैयार हैं।

पिता ने सिले कपड़े, बेटी ने बढ़ाया मान: बीकेटी स्थित डॉ. एलपी लाल मेमोरियल स्कूल की साहिबा आरिफ ने इंटरमीडिएट में 89.40 फीसदी अंक हासिल कर राजधानी व स्कूल का नाम रोशन किया है। साहिबा आरिफ के पिता मो. आरिफ पेशे से दर्जी हैं। बेटी की पढ़ाई के लिए उन्होंने रात- दिन काम किया। फीस की वजह से स्कूल न छूटे, इसके लिए मां भी काम करती रहीं। साहिबा ने बताया कि आर्थिक तंगी की वजह से पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए पिता ने मेहनत में किसी तरह की कमी नहीं होने दी। आगे सिविल सर्विस की तैयारी करेंगी। अधिकारी बनकर समाज के लिए काम करूं यही लक्ष्य है। घर में माता- पिता के अलावा पांच भाई-बहन हैं। घर में सबसे बड़ी होने की वजह से जिम्मेदारी उससे भी बड़ी है।

जघन्य अपराधों में बंद दो कैदी व सात बंदियों ने भी पास की परीक्षा, जेल अधीक्षक ने मुंह मीठा कराया

कानपुर, एजेंसी। कानपुर जिला कारागार में बंद दो कैदी व सात बंदियों ने भी यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता पाई है। हाईस्कूल में दो और इंटर में सात ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इसमें तीन ने प्रथम श्रेणी, चार ने द्वितीय और दो ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की। इन पर हत्या, अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उनकी इस सफलता पर जेल अधीक्षक ने उनका मुंह मीठा कराया।

जेल अधीक्षक डॉ. बीडी पांडेय ने बताया कि हाईस्कूल में शुभम वर्मा और मनोज कुमार ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। इंटर में गौरव विश्वकर्मा ने प्रथम, आकाश साहू, हर्ष कुशवाहा, धर्मेंद्र पाल और उजैफ वारिस खान ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। वहीं, अब्दुल सलाम और बॉबी रविदास ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

नौ बंदियों को मिली अंकपत्र तालिका: उन्होंने बताया कि गौरव विश्वकर्मा और धर्मेंद्र पाल आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। यह सभी विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, अपहरण, नशीली दवाओं की तस्करी और पॉक्सो एक्ट के तहत जेल में बंद हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि पास हुए सभी नौ बंदियों को अंकपत्र तालिका दी गई। इस मौके पर जेलर अनिल कुमार पांडेय, मनीष कुमार, उप कारपाल रंजीत यादव, डिप्टी जेलर प्रदीप कुमार, प्रेमनारायण अवस्थी मौजूद रहे।

कोर्ट ने पूछा- डीएम फतेहपुर बताएं... मौका मुआयना के दौरान मृतक कैसे मौजूद था?

प्रयागराज , एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में डीएम फतेहपुर ने मृतक को सरकारी जमीन के निरीक्षण का गवाह बता हलफनामा दाखिल किया है। इससे हैरान कोर्ट ने डीएम से सात मई तक स्पष्टीकरण तलब किया है। पूछा है कि मौका मुआयना के दौरान मृतक कैसे मौजूद था? मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की अदालत कर रही है।

याची जगदीश शरण सिंह ने मंझनपुर गांव के तालाब की जमीन पर अतिक्रमण के आरोप में लगाये गये जुमाने के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दावा है कि उसने किसी भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा नहीं किया है। वहीं, जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, उन पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। जबकि, डीएम फतेहपुर ने हलफनामे संग खागा तहसील के लेखपाल की 26 अक्टूबर 2024 की मुआयना रिपोर्ट दाखिल की है। बताया कि गवाह छेदीलाल और मिथुन की मौजूदगी में हुए मौका मुआयना में पाया गया है कि याची ने सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जवाब में याची के अधिवक्ता जगदीश सिंह बुंदेला ने कोर्ट में छेदीलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल किया है। बताया कि डीएम जिस छेदीलाल को गवाह बता रहे हैं, उसकी मौत 20 अप्रैल 2011 को हो चुकी है। वहीं, दूसरा गवाह मिथुन सिंह मंझनपुर गांव का निवासी ही नहीं है। इस खुलासे के बाद अदालत ने हैरानी जताते हुए डीएम और लेखपाल से मुआयना रिपोर्ट तैयार की प्रक्रिया से जुड़ी सभी जानकारियां तलब की हैं।

पहलगाम हमला: 28 अप्रैल को अलीगढ़ बंद का आह्वान

अलीगढ़ , एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में 26 अप्रैल को अलीगढ़ का प्रमुख बाजार अमीर निशा पूरी तरह से बंद रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल ने इस बंद का आह्वान किया है। इसके अलावा 28 अप्रैल को अलीगढ़ महानगर के समूचे बाजार को भी बंद करने का आह्वान किया गया है।

26 अप्रैल सुबह 11 बजे अमीर निशा चौराहे से जिलाधिकारी की कोठी तक एक शांतिपूर्ण पद यात्रा भी निकाली जाएगी। सिविल लाइन व्यापार मंडल के अध्यक्ष नौशाद मिर्जा और कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष नवेद खान ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के विरोध में व्यापारियों ने एकजुटता दिखाने का निर्णय लिया है।

अमीर निशा मार्केट शहर का एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र है, जो रेडीमेड कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, महिलाओं के वस्त्र एवं जूते, चूड़ियां, घरेलू उपयोगी सामान, विभिन्न रेस्टोरेंट और फैशनेबल वस्तुओं के लिए जाना जाता है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के छात्र-छात्राओं के बीच भी यह बाजार खासा लोकप्रिय है। इसके अलावा पहलगाम हमले के विरोध में ही 28 अप्रैल को अलीगढ़ महानगर के बाजार को भी बंद करने का आह्वान किया गया है। इस संबंध में औद्योगिक व्यापार संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सिक्ससंस की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सौरभ अग्रवाल ने कहा कि यह हमला पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है, जिसकी घोर निंदा की जानी चाहिए। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज वार्ष्णेय ने प्रस्ताव रखा कि व्यापार मंडल से जुड़े सभी व्यापारी सोमवार को अपने प्रतिष्ठान और कारखानों को बंद रखकर शोक व्यक्त करें।

बरेली में रह रहे 34 पाकिस्तानियों की बढ़ी धड़कन, तीन महिलाओं ने मांगी भारतीय नागरिकता

बरेली , एजेंसी। बरेली जिले में दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे 34 पाकिस्तानी नागरिकों की धड़कन केंद्र सरकार के नए फरमान से बढ़ गई हैं। इनमें अधिकांश लोग स्थानीय स्तर पर नागरिकता के लिए आवेदन करते रहते हैं, जबकि तीन महिलाओं के आवेदन शासन स्तर पर लंबित हैं।

शहर में शॉर्ट टर्म वीजा पर आई शहनाज को दिल्ली भेज दिया गया है, जहां से वह जल्द पाकिस्तान चली जाएंगी। जिले में 34 पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा के तहत रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकार के इस फैसले से ये लोग प्रभावित नहीं होंगे, हालांकि पुलिस-प्रशासन अपनी ओर से इनके सत्यापन में जुट गया है। लिखित निर्देश व नियमावली आने का इंतजार किया जा रहा है, इसके आधार पर ही इनका भविष्य निर्भर करेगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले में कई साल से रह रहीं तीन पाकिस्तानी महिलाओं ने काफी समय पहले स्थायी भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया था। इस मामले में स्थानीय स्तर पर लिखापढ़ी के बाद इन तीनों की पत्रावली शासन स्तर पर लंबित हैं। उम्मीद है कि इन्हें जल्द भारतीय नागरिकता मिल जाएगी। हालांकि दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इनकी चिंता बढ़ गई है।

कई बंटवारे के वक्त यहां आई थीं : जिले में कई ऐसी महिलाएं अब बुजुर्ग हो चली हैं जो बंटवारे के वक्त अपने माता-पिता के साथ पाकिस्तान से यहां आई थीं। बरसों से इन्होंने नागरिकता के लिए आवेदन कर रखा है। तर्क दिया है कि उनके पति व बच्चे हिंदुस्तानी नागरिक हैं तो उन्हें भारतीय नागरिकता क्यों नहीं दी जा रही है। वहीं, कुछ महिलाएं ऐसी हैं जो पहले भारतीय थीं और पुरानी रिश्तेदारियों में परिजनों ने उनकी शादी पाकिस्तान में कर दी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

पत्रांक 337/न0प0प0/नजी0-2025 दिनांक:- 26 अप्रैल, 2025

निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर

समस्त ठेकेदारों/ सप्लायर/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय सीमा में स्थित (वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने से पूर्व) नालों की तलछट सफाई कार्यों हेतु दिनांक 12.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं समस्त ठेकेदारों/ फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 28.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 12.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 28.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 12.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/ दरें डाल सकते हैं, तथा दिनांक 12.05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

Tender Reference	337/ET/NPPNBD/2025-26
Publish Date and time for RFP	28.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे से
Last Date and time for submission of E-Tender	12.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक
Date and time of opening tender	12.05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे को
Place of opening of E-tender	Executive Officer, Office Najibabad
E-tender security	10% of Tender Value
E-tender document processing	As per tender list

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

(इन्जीनियर मुअज्जम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)

पंजीकृत कार्यालय: 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा टुनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, शाखा कार्यालय: 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

ई-नीलामी बिक्री सूचना
सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री
सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत

ई-नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सार्वजनिक को और विशेष रूप से उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, जिसका नाम 17 नवम्बर 2023 से गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बदला गया है, और पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से GE मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक लिमिटेड कंपनी के नाम से स्थापित था)** द्वारा बंधक रखी गई हैं, (जो कि 'सुरक्षित ऋणदाता' के रूप में अधिनियम के तहत संदर्भित किया जाता है), जिनकी कब्जा अधिकारिता सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ प्राप्त की गई है, और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद, उन्हें बेचा जाएगा।

बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.

बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया www.bankeauctions.com वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

क्र. सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए]	मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी]	कब्जे का प्रकार [सी]	सम्पत्ति का विवरण [डी]	आरक्षित मूल्य [ई]	ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ]	ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी]	वृद्धि बोली [ए]	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई]	नीलामी की तिथि और समय [जे]	ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हो [के]
1.	**ऋण संख्या: HL0054000000000 5007433** संजय, नीलम	**सूचना तिथि:** 09.12.2024 **कुल बकाया:** रु. 12,58,159/- (रुपये बारह लाख अट्ठावन हजार एक सौ उनसठ मात्र) 09.12.2024 तक भुगतान योग्य, साथ ही 14.00% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा।	भौतिक	ग्राम लखनोती अहतमल जदीड, परगना गंगोह, तहसील नकुड़, जिला सहारनपुर में स्थित प्लॉट जिसका एमपीएल नं. 670 है, माप 112.12 वर्ग मी. का सभी भाग तथा हिस्सा। **चौहद्दी इस प्रकार है: पूर्व:** मीमा की सम्पत्ति, **पश्चिम:** 10 फीट चौड़ा रास्ता, **उत्तर:** लक्ष्मी की सम्पत्ति, **दक्षिण:** मीमा की सम्पत्ति।	रु. 10,13,434/- (रुपये दस लाख तेरह हजार चार सौ चौतीस मात्र)	रु. 101343.4/- (रुपये एक लाख एक हजार तीन सौ तिरालिस चार पैसे मात्र)	29.04. 2025 को सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	25.04. 2025 को (प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक)	13.05. 2025 को (प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	शून्य

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरण: इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरण: पता: प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नंबर: 7291981124, 25, 26, ईमेल: Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्ति: धरणी पी, ईमेल: dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बर: 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज और पंजीकरण: इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के खाता में एनेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) का भुगतान करना होगा। यह भुगतान NEFT/RTGS/DD के माध्यम से ICICI बैंक में किया जाएगा: बैंक: ICICI बैंक लिमिटेड, खाता नम्बर: 000651000460, IFSC कोड: ICIC0000006, पता: 20, R.N. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001, भुगतान की अंतिम तिथि: 29.03.2025 साथ ही, इच्छुक बोलीदाता को https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और मृत्त में उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। बोलीदाता को सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हाई कोर्ट को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: **पता: 2B, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001, मोबाइल नम्बर: +91 9657443073, ईमेल आईडी: rohan.savala@grihumhousing.com, अधिक जानकारी के लिए: नीलामी के शर्तों और नियमों के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं: https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें।**

यह सूचना 30 दिन का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।

तिथि: 26.04.2025 स्थान: सहारनपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)